# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़

तृतीय तल, स्वास्थ्य भवन, सेक्टर– 19, नार्थ ब्लॉक,
नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़) पिन– 492002
दूरभाष–0771–2511285, 2511287 ई–मेलः office.mdnrhm@gmail.com


पत्र क्रमांक / NHM / HR / 2023 / NS-418 / 388 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 11.05/2023

## –: भर्ती के संबंध में सूचना :–

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय विभिन्न रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु कार्यालयीन विज्ञापन क्रमांक / NHM / HR / 2021 / NS-864 / 1829 दिनांक 05.10.2021 जारी किया गया था। जिसमें भाग –'अ' के बिन्दु क्रमांक 01 अंतर्गत राज्य स्तरीय पदों का विवरण एवं बिन्दु क्रमांक 02 अंतर्गत राज्य स्तर से भर्ती किये जाने वाले जिला स्तरीय पदों का विवरण अंकित किया गया था।

1/ उक्त विज्ञापन के संबंध में भर्ती संबंधी कार्यवाही करते हुए बिन्दु क्र. 01 में अंकित राज्य स्तरीय पदों की भर्ती पूर्ण कर चयनित अभ्यर्थियों को पदस्थापना दी जा चुकी है तथा बिन्दु क्र. 02 में अंकित राज्य से भरे जाने वाले जिला स्तरीय पदों हेतु पात्र–अपात्र सूची जारी कर दावा–आपत्ति आमंत्रित किया गया था व दावा आपत्ति निराकरण की कार्यवाही की जा रही थी इसी दौरान अन्य आवश्यक पदों की भर्ती समय–सीमा में किये जाने की आवश्यकता के कारण एवं राज्य में नवीन आरक्षण रोस्टर की अनुपलब्धता के कारण भी भर्ती प्रक्रिया बाधित थी।

2/ वर्तमान में अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कार्यालयीन पत्र क्र. एफ 13–1 / 2023 / आ.प्र. / 1–3 नवा रायपुर, दिनांक 03.05.2023 के माध्यम से राज्य को नियुक्तियां एवं चयन प्रक्रिया पूर्व निर्धारित व्यवस्था अनुसार किये जाने की अंतरिम अनुमति प्रदान की गई है।

3/ उपरोक्त पत्र में जारी निर्देश के परिपालन में कार्यालयीन विज्ञापन क्रमांक / NHM / HR / 2021 / NS-864 / 1829 दिनांक 05.10.2021 में भर्ती हेतु जारी पदों में से राज्य स्तर से भर्ती किये जाने वाले जिला स्तरीय पदों हेतु भर्ती संबंधी शेष कार्यवाही पुनः प्रारम्भ किया जाना है। किन्तु विज्ञापन जारी दिनांक से वर्तमान तक अधिक समय व्यतीत होने के कारण आवेदित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त अन्य अभ्यर्थियों को आवेदन हेतु अवसर प्रदान करने के लिये ऑनलाईन आवेदन पोर्टल पुनः **दिनांक** 11/05/2023 **से** 26/05/2023 **तक** प्रारम्भ किया जा रहा है।

4/ जिन अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में उक्त विज्ञापन में विज्ञापित पदों हेतु आवेदन किया है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है किन्तु यदि कोई अभ्यर्थी पुनः आवेदन करना चाहते हैं अथवा अपने किसी अतिरिक्त दस्तावेज (जैसे – शैक्षणिक योग्यता, अनुभव या अन्य) को अपने आवेदन में सम्मिलित करना चाहते है तो वे भी समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते है तथा समस्त नये अभ्यर्थी जिनके द्वारा पूर्व में आवेदन नहीं किया गया है, वे समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

**क्रमशः .......02**

उपरोक्तानुसार इच्छुक आवेदक अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन ऑनलाईन के माध्यम से दिनांक 11/05/2023 से 26/05/2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

**5/ उक्त विज्ञापन के संबंध में आवश्यक निर्देश/कार्यवाही का विवरण –**

5.1 जारी विज्ञापन की कुछ विज्ञापित पदों की रिक्तता में परिर्वतन नवीन पद उपलब्ध होने के कारण पद संख्या में परिवर्तन किया जा रहा है।

5.2 पूर्व में आवेदित अभ्यर्थियों एवं वर्तमान में नवीन आवेदनों को सम्मिलित करते हुए पुनः पात्र–अपात्र सूची जारी कर दावा–आपत्ति आमंत्रित किया जावेगा।

5.3 आगामी भर्ती प्रक्रिया संशोधित पद संख्या के आधार पर की जावेगी।

5.4 विज्ञापित पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान पूर्ववत लागू होगी वर्तमान में केवल पद संख्या में परिवर्तन किया जा रहा है।

5.5 विज्ञापन क्र./NHM/HR/2021/NS-864/1829 दिनांक 05.10.2021 के भाग–'स' में अंकित "आवेदन के संबंध में दिशा–निर्देश" एवं अन्य नियम व शर्ते यथावत रहेंगी।

**6/ विज्ञापन क्र./NHM/HR/2021/NS-864/1829 दिनांक 05.10.2021 के भाग–'अ' के बिन्दु क्रमांक 02 अंतर्गत राज्य स्तर से भर्ती किये जाने वाले जिला स्तरीय पदों की संशोधित पद संख्या का विवरण निम्नानुसार है –**

| S.No. | Post Name | Programme Name | Total | UR | ST | SC | OBC |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | District Manager-Urban | NUHM | 7 | 2 | 5 | 0 | 0 |
| 2 | Divisional Consultant (QA) | QA | 3 | 1 | 2 | 0 | 1 |
| 3 | District Manager-Data | NHM | 5 | 2 | 1 | 1 | 1 |
| 4 | District Manager-Training/HR | NHM | 4 | 0 | 4 | 0 | 0 |
| 5 | District Manager-Account | NHM | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 6 | District Manager-Hospital | NHM | 4 | 0 | 4 | 0 | 0 |
| 7 | District Consultant (Finance cum Logistic)-NCD | NCD | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 |
| 8 | District Epidemiologist - IDSP | IDSP | 13 | 4 | 7 | 1 | 1 |
| 9 | District Consultant-NCD | NCD | 8 | 3 | 3 | 2 | 0 |
| 10 | District Consultant-NLEP | NLEP | 9 | 3 | 4 | 0 | 2 |
| 11 | District Consultant- NVBDCP | NVBDCP | 12 | 2 | 7 | 2 | 1 |
| 12 | District Consultant - RMNCH+A | NHM | 29 | 6 | 18 | 2 | 3 |
| 13 | District Consultant - NPPCF | NPPCF | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 14 | District Consultant - HWC | NHM | 14 | 6 | 4 | 2 | 2 |
| **Total :-** | | | **107** | **27** | **59** | **10** | **11** |

उपरोक्त तालिकानुसार राज्य स्तर से भरे जाने वाले जिला स्तरीय पदों पर भर्ती की सम्पूर्ण कार्यवाही की जावेगी।

**क्रमंशः .....03**

7/ ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा पूर्व में आवेदन किया गया है किन्तु किसी कारणवश वर्तमान में पुनः आवेदन करना चाहते हैं उन्हें पुनः आवेदन शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी वे पूर्व आवेदन हेतु किये गये भुगतान का विवरण (Reference Number) अंकित कर आवेदन कर सकते हैं।

8/ उक्त विज्ञापन क्रमांक/NHM/HR/2021/NS-864/1829 दिनांक 05.10.2021 के भाग–'अ' के बिन्दु क्रमांक 01 राज्य स्तर के पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। अतः उक्त पदों हेतु आवेदन मान्य नहीं होगा।

9/ उक्त विज्ञापन के तहत की जाने वाली समस्त नियुक्तियां माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी।

मिशन संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
छत्तीसगढ़